# कार्यालय – निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT/2020/ दिनांक : 30 .09.2020

## :: आदेश ::

शिक्षा विभाग द्वारा प्रति वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाता रहा है,जिसे इस वर्ष पूर्व महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के देहावसान के कारण घोषित राजकीय शोक के क्रम में स्थगित किया गया था। वर्तमान में वैश्विक महामारी "कोविड–19" की विषम परिस्थितियों के बावजूद उक्त आयोजन की महत्ता के दृष्टिगत आगामी 06 अक्टूबर, 2020 को विभाग द्वारा समस्त ब्लॉक/जिला मुख्यालयों पर "शिक्षक सम्मान समारोह–2020" का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया जाना संभावित है, जिसका विवरण अग्रानुसार है :–

1. समारोह आयोजन की सम्भावित तिथि (06.10.2020) को सम्मानित होने वाले शिक्षकों के साथ जयपुर से माननीय अतिथिगण द्वारा जिला/ब्लॉक स्तर पर स्थित DOIT & C केन्द्रों पर विडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से सम्वाद किया जाएगा। उक्तानुरूप इस वर्ष शिक्षक सम्मान हेतु चयनित समस्त शिक्षक गण को सम्बन्धित जिला/ब्लॉक पर स्थित DOIT & C केन्द पर संभावित दिनांक : 06.10.2020 को प्रातः 11 बजे शिक्षक सम्मान समारोह हेतु अग्रांकित विवरणानुसार नामित सम्बन्धित ब्लॉक एवं जिला स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा विधिवत आमंत्रित कर समारोह में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
2. राज्य तथा जिला स्तर पर सम्मानित किये जाने वाले सभी शिक्षकों को सम्बन्धित जिले पर स्थित DOIT & C केन्द्रों पर आंमत्रित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम हेतु सम्बन्धित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में कार्य सम्पादन करते हुए दायित्व का समुचित निर्वहन करेंगे। इस कार्यक्रम में सम्बन्धित जिले के विगत वर्षों में राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त समस्त शिक्षकों की कार्यक्रम में गरिमामय भागीदारी हेतु सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से आमंत्रित किया जा सकेगा। जिला स्तर पर आयोज्य कार्यक्रम में सम्बंन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक, प्रधानाचार्य–डाईट, एडीपीसी–समग्र शिक्षा एवं संभाग मुख्यालय पर सम्बन्धित संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा आवश्यक रूप से भागीदारी निभाएंगे।
3. ब्लॉक स्तर पर सम्मानित किये जाने वाले सभी शिक्षकों को सम्बन्धित पंचायत समिति पर स्थित DOIT & C के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर आमंत्रित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम हेतु सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में कार्य सम्पादन करते हुए दायित्व का समुचित निर्वहन करेंगे। उक्त ब्लॉक से सम्बन्धित ऐसे शिक्षक, जिन्हें इस वर्ष राज्य/जिला स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है, उन्हें जिला स्तरीय सम्मान समारोह अथवा ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह से सम्बन्धित आयोजन स्थल पर भागीदारी का विकल्प उपलब्ध होगा।
4. राज्य/जिला/ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के वर्चुअल आयोजन से सम्बन्धित वांछित व्यवस्थाओं के लिए शासन स्तर से समुचित सम्पर्क एवं समन्वय हेतु संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर को एतद् द्वारा राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।
5. उक्त जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में कोविड–19 से सम्बन्धित एडवाइजरी की सुनिश्चित पालना हेतु सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को दायित्वबद्ध करते हुए पाबन्द किया जाता है।
6. उक्त वर्चुअल आयोजन में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट एवं आदर्श विद्यालयों के राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयनित तीन–तीन संस्था प्रधानों द्वारा भी सम्बन्धित जिला/ब्लॉक स्तर पर भागीदारी निभाई जाएगी। सम्बन्धित जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा उक्त चयनित संस्था प्रधानों की जिला/ब्लॉक स्तर पर आयोज्य कार्यक्रम में भागीदारी हेतु सुनिश्चितता की जाएगी।

www.rajteachers.com

7\. उपर्युक्त शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर विभाग की निम्नांकित महत्वाकांक्षी योजनाओं का भी शुभारम्भ किया जाएगा :–

- RBSE - (E कक्षा) Project
- नो बैग डे (बस्ता मुक्त दिवस)
- शासकीय निर्देशानुरूप अन्य कार्यक्रम/योजना।

**समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्तानुसार कार्यक्रम के सुचारू आयोजन की सुनिश्चितता की जावे।**

**(सौरभ स्वामी)**
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांक** : शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/SAT/2020/ दिनांक : 30.09.2020

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर ।
2 निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3 आयुक्त,स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव,राजस्थान,जयपुर।
5 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6 निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग राजस्थान, बीकानेर।
7 संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8 सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
9 सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर।
10 वित्तीय सलाहकार, कार्यालय हाजा।
11 प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर।
12 निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
13 ट्रस्टी, मिशन ज्ञान ट्रस्ट, जयपुर।
14 सचिव, केयर्न फाउंडेशन (वेदान्ता), बाड़मेर।
15 राज्य समन्वयक, पीरामल फाउंडेशन, जयपुर।
16 प्रतिनिधि, बीसीजी, मुख्यालय–जयपुर।
17 समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
18 समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा ।
19 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक।
20 समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा ।
21 समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
22 समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
23 प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर ।
24 प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर ।
25 उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, शिक्षा संकुल, जयपुर।
26 सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
27 डॉ. योगेन्द्र सिंह नरुका, सहायक निदेशक, कार्यालय हाजा को निदेशालय स्तर पर उक्त कार्यक्रम हेतु "लाईजनिंग ऑफिसर" नियुक्त कर निर्देशित किया जाता है कि शासन एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी से कार्यक्रम के सुचारू आयोजन हेतु अग्रिम सम्पर्क–समन्वय स्थापित कर समुचित कार्यवाही निष्पादित करें।
28 सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
29 स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
30 रक्षित पत्रावली।

निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com